पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

ACCREDITED BY NAAC WITH GRADE "A"

विश्वविद्यालय विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की मंगलवार, दिनांक 21.03.2023 को अपराह्न 03.00 बजे आयोजित बैठक की विषयसूची

01. **विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 06.03.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।**

02. **(i) P.G. DIPLOMA IN FASHION DESIGNING (40 सीट) नवीन अध्यादेश एवं नवीन विनियम तथा**

(ii) POST GRADUATION DIPLOMA IN RESEARCH METHODOLOGY AND STATISTICAL ANALYSIS (30 सीट) नवीन अध्यादेश एवं नवीन विनियम पर विचार करना।

टीपः शास. दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, रायपुर में पी.जी. डिप्लोमा इन रिसर्च मैथेडोलॉजी एंड स्टैटेस्टिकल एनालिसिस (30 सीट) एवं पी.जी. डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग (40 सीट) की संबद्धता हेतु निवेदन किया गया है।

उपर्युक्त पाठ्यक्रम का नवीन अध्यादेश एवं विनियम का निर्माण किए जाने हेतु गृह–विज्ञान अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 24.06.2022 में –

(i) P.G. DIPLOMA IN FASHION DESIGNING (40 सीट) प्रस्तावित नवीन अध्यादेश क्र. 201 एवं नवीन विनियम क्र. 203 (P.G. DIPLOMA IN FASHION DESIGNING) तथा

(ii) POST GRADUATION DIPLOMA IN RESEARCH METHODOLOGY AND STATISTICAL ANALYSIS (30 सीट) प्रस्तावित नवीन अध्यादेश क्र. 202 एवं नवीन विनियम क्र. 204 (POST GRADUATION DIPLOMA IN RESEARCH METHODOLOGY AND STATISTICAL ANALYSIS)

की अनुशंसा की गई है। विद्या–परिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

03. **12th गणित उत्तीर्णोपरांत B.Sc. Biology में प्रवेश के संबंध में विचार करना।**

टीपः शासकीय जी.एन.ए. महाविद्यालय, भाटापारा में छात्रा गुंजा ने 12th गणित उत्तीर्णोपरांत कोविड–19 संक्रमणकाल में B.Sc. -Ist Biology 2021, B.Sc.-IInd Biology की परीक्षा ऑनलाईन सम्मिलितोपरांत उत्तीर्ण हुई है, वर्ष 2023 में B.Sc. Part-III Biology में सम्मिलित होना चाहती है।

संकायाध्यक्ष, जीव–विज्ञान ने उक्त विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एवं भविष्य में इसे अन्य छात्रों हेतु उदाहरण न मानते हुए आवेदिका को B.Sc. Part-III Biology की परीक्षा पात्रता हेतु संस्तुति की है।

04. **नवाचार और स्टार्ट–अप नीति (Innovation & Startup Policy) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में लागू करने हेतु नवीन विनियम क्रमांक 205 (Innovation and Startup Policy) के निर्माण के संबंध में विचार करना।**

टीप : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 12.10.2021 के निर्णय क्रमांक 16 में नवाचार और स्टार्ट–अप नीति (Innovation & Startup Policy) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में लागू करने का अनुमोदन किया गया था।

उपर्युक्तानुसार Innovation and Startup Policy का नवीन विनियम क्रमांक 205 संलग्न कर विचारार्थ प्रस्तुत है।

05. **संशोधित अध्यादेश क्रमांक 189 B.Ed. Special Education (ID) in Semester System (Bachelor of Education) एवं नवीन अध्यादेश क्रमांक 198 B.Ed. Special Education (LD) की अनुशंसा के संबंध में विचार करना।**

टीप : (1) शिक्षा अध्ययन मण्डल की दिनांक 16.09.2022 को पद क्रमांक 2 पर B.Ed. Special Education (LD) के पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश को अनुमोदन पश्चात् दिनांक 30.09. 2022 को पूरक विषय सूची के पद क्रमांक 3 पर अनुमोदन पश्चात् कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 06.10.2022 के पद क्रमांक 1 पूरक विषय सूची में स्थायी समिति के कार्यवृत्त को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(2) संशोधित अध्यादेश क्रमांक 189 के संबंध में स्थायी समिति की बैठक दिनांक 25. 03.2022 के पद क्रमांक 5 की कंडिका (ii) में पूर्व प्रचलित पाठ्यक्रम का नाम "B.Ed. Special Course (B.Ed. Spl. Ed. (M.R.) को संशोधित कर "B.Ed.Spl. Ed. Intellectual Disability" को अनुमोदन पश्चात् कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.03. 2022 के अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण पर पद क्रमांक 1 पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उपर्युक्त के संबंध में **अध्यादेश क्रमांक 198 B.Ed. Special Education (LD)** एवं **संशोधित अध्यादेश क्रमांक 189 B.Ed. Special Education (ID) in Semester System (Bachelor of Education)** विद्या–परिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अनुशंसा हेतु प्रस्तुत है।

06. **सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज, रायपुर में संचालित एम.एस–सी. कंप्यूटर साईंस एवं बी.एस–सी. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बी.कॉम. कंप्यूटर एप्लीकेशन अतिरिक्त विषय की संबद्धता सूची से विलोपित कर संबद्धता आदेश जारी किए जाने के संबंध में विचार करना।**

टीप : सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज, रायपुर ने अपने पत्र क्रमांक 8169/SVPC/2021 दिनांक 06.03.2023 के द्वारा एम.एस–सी. कंप्यूटर साईंस एवं बी.एस–सी. इलेक्ट्रॉनिक्स की संबद्धता के संबंध में उल्लेख किया है कि उक्त पाठ्यक्रम के संचालन हेतु उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्रदान नहीं की गई है। महाविद्यालय द्वारा त्रुटिवश संबद्धता शुल्क जमा किया गया है। एम.एस–सी. कंप्यूटर साईंस एवं बी.एस–सी. इलेक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रम महाविद्यालय में कभी संचालित नहीं किया गया है और न ही करना चाहता है।

महाविद्यालय ने अपने पत्र क्रमांक 8172/SVPC/2023 दिनांक 14.03.2023 के द्वारा बी.कॉम. कंप्यूटर एप्लीकेशन अतिरिक्त विषय को विलोपित कर, संबद्धता आदेश जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज, रायपुर में संचालित एम.एस–सी. कंप्यूटर साईंस एवं बी. एस–सी. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बी.कॉम. कंप्यूटर एप्लीकेशन अतिरिक्त विषय की संबद्धता सूची से विलोपित कर संबद्धता आदेश जारी किए जाने हेतु विद्या–परिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

07. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण।

21-03-2023

For कुलसचिव